नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023

**अत्यावश्यक**

# राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

# STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या -न.नि.50-25/2023 - 448

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा,
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

सेवा में,

जिला दण्डाधिकारी-सह-
जिल निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
**पटना, कैमूर, नालन्दा, गया, सारण, वैशाली, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधेपुरा एवं अररिया**

पटना, दिनांक - 8.2.24

**विषय : नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 : नगरपालिकाओं से नव निर्वाचित पार्षदों/मुख्य पार्षदों को शपथ ग्रहण कराने के संबंध में।**

**प्रसंग : नगर विकास एवं आवास विभाग का अधिसूचना संख्या 212 दिनाक 05.02.2024**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 के अन्तर्गत कुल 16 नगरपालिकाओं में मतदान दिनांक 22.01.2024 को सम्पन्न हुये हैं तथा मतगणना दिनांक 24.01.2024 को मतगणना उपरान्त निर्वाचन संबंधी सभी प्रक्रियाएँ समाप्त हो गई हैं। साथ ही प्रासंगिक अधिसूचनाओं द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार द्वारा संबंधित जिलों के नगरपालिकाओं के नव निर्वाचित मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षदों के नाम का प्रकाशन कर दिया गया है। (प्रासंगिक अधिसूचना की प्रति संलग्न)

2. बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (यथा संशोधित) की धारा 15 के अन्तर्गत नगरपालिकाओं के नव निर्वाचित पार्षदों एवं अधिनियम की धारा 24 के अन्तर्गत नगर निगम के नव निर्वाचित मुख्य पार्षदों/उप मुख्य पार्षदों का शपथ-ग्रहण बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (यथासंशोधित) की धारा 35 के अधीन नगरपालिका की पहली बैठक में सम्पन्न किया जाना है।

3. **उक्त परिप्रेक्षेय में आयोग द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त निम्नांकित निदेश दिये गये हैं :-**

(क) सभी नव निर्वाचित पार्षदों एवं मुख्य पार्षद को **दिनांक 20.02.2024 को बैठक आयोजित कर शपथ-ग्रहण की कार्रवाई सम्पन्न की जाय।**

(ख) **नगर निगम के पार्षदों/उप मुख्य पार्षदों/मुख्य पार्षदों के मामले में** नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक 1652 दिनांक 15.05.2012 (पत्र संलग्न) से जिला पदाधिकारी को प्राधिकृत किया गया है अतः **जिला पदाधिकारी अपने जिले के नगर निगम के निर्वाचित पार्षदों/उप मुख्य पार्षद/ मुख्य पार्षद का शपथ-ग्रहण सम्पन्न करायेंगे।**

(ग) **नगर परिषद के मामले में** जिला पदाधिकारी द्वारा नगर परिषद के निर्वाचित पार्षदों/उप मुख्य

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

पार्षद/मुख्य पार्षद के **शपथ-ग्रहण कराने के लिए जिला के अपर समाहर्त्ता स्तर के पदाधिकारी को नियुक्त की जायेगी।** उक्त स्तर के पदाधिकारियों की कमी होने पर **जिला पदाधिकारी उप सचिव स्तर के पदाधिकारियों को भी नियुक्त कर सकेंगे।**

(घ) **नगर पंचायत के मामले में** जिला पदाधिकारी द्वारा नगर पंचायतों के निर्वाचित पार्षदों/उप मुख्य पार्षद/मुख्य पार्षद के **शपथ-ग्रहण कराने के लिए जिला में पदस्थापित वरीय उप समाहर्त्ता या उससे ऊपर के पदाधिकारियों को नियुक्त की जायेगी।**

(ङ) पार्षदों/मुख्य पार्षद को संलग्न **प्रपत्र ''क''** में सूचना देकर शपथ ग्रहण हेतु बुलाई गई बैठक की लिखित सूचना शपथ-ग्रहण कराने वाले पदाधिकारी द्वारा पार्षदों/उप मुख्य पार्षद/मुख्य पार्षद को दी जाएगी। **सूचना में बैठक का स्थान, तारीख तथा समय का उल्लेख अनिवार्य रुप से रहेगा।** ध्यान रहे कि प्रत्येक निर्वाचित प्रतिनिधियों को कम से कम **पूरे सात दिन पूर्व अर्थात् दिनांक 12.02.2024 तक प्रथम बैठक के स्थान, तिथि एवं समय की सूचना तामिला करा दिया जाना बैधानिक अनिवार्यता है।** समय पर सूचना तामिला कराने की पुरी जिम्मेवारी संबंधित पदाधिकारी की होगी।

(च) बैठक में भाग लेने वाले सभी निर्वाचित पार्षदों/उप मुख्य पार्षद/मुख्य पार्षद की उपस्थिति ली जाएगी तथा **बैठक की कार्यवाही** अंकित की जाएगी जिसमें शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान कराने वाले अधिकृत पदाधिकारी सहित सभी उपस्थित पार्षदों/उप मुख्य पार्षद/मुख्य पार्षद का **हस्ताक्षर** होगा।

(छ) बैठक को प्रारंभ करते हुए संबंधित पदाधिकारी द्वारा संलग्न **'प्रपत्र-ख'** में उपस्थित सभी निर्वाचित पार्षदों को तथा संलग्न **'प्रपत्र-ग'** में उप मुख्य पार्षद/मुख्य पार्षद को शपथ/प्रतिज्ञान करवाया जाएगा।

(ज) उक्त बैठक के लिए अन्य कोई भी मुद्दा विचारणीय नहीं रखा जाएगा।

(झ) शपथ-पत्र को आयोग के वेबसाईट पर उसी दिन अपलोड कराना सुनिश्चित किया जायेगा। साथ ही इसकी सूचना राज्य निर्वाचन आयोग एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार को दी जायेगी।

(ञ) बैठक के दिन व्यापक विधि-व्यवस्था का संधारण किया जाय एवं मिडिया कर्मियों के निमित्त स्थान चिह्नित कर व्यवस्था की जाय।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई की जाय एवं तत्संबंधी निदेश से सभी संबंधित को अवगत कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक – प्रपत्र-क, प्रपत्र-ख एवं प्रपत्र-ग

विश्वासभाजन,

(हस्ताक्षर) 08/2/24

सचिव।

ज्ञापांक -न.नि.50-25/2023 - 446 पटना, दिनांक – 8.2.24

प्रतिलिपि, आई.टी.मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 08/2/24

सचिव।

ज्ञापांक -न.नि.50-25/2023 - 448 पटना, दिनांक – 8.2.24

प्रतिलिपि, प्रमंडलीय आयुक्त, पटना, मगध (गया), सारण, तिरहुत (मुजफ्फरपुर), दरभंगा, कोशी (सहरसा) एवं पूर्णियाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 08/2/24

सचिव।

ज्ञापांक -न.नि.50-25/2023 - 448 पटना, दिनांक – 8.2.24

प्रतिलिपि, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक -न.नि.50-25/2023 - 448 पटना, दिनांक – 8.2.24

प्रतिलिपि, अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार एवं पुलिस महानिदेशक, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक -न.नि.50-25/2023 - 448 पटना, दिनांक – 8.2.24

प्रतिलिपि, मुख्य सचिव, बिहार सरकार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव।

# प्रपत्र–क

सेवा में,

श्री/ श्रीमती/ सुश्री ..................................................... ,

निर्वाचित पार्षद, वार्ड संख्या ......../ उप मुख्य पार्षद/ मुख्य पार्षद*

नगरपालिका – ...................................................... ।

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (यथा संशोधित) की धारा 15 एवं नगरपालिका निर्वाचन नियमावली, 2007 (यथा संशोधित) के नियम 112 के प्रावधानों के तहत् निर्वाचित पार्षदों/ बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (यथा संशोधित) की धारा 24 एवं नगरपालिका निर्वाचन नियमावली, 2007 (यथो संशोधित) के नियम 112 के प्रावधानों के तहत् निर्वाचित उप मुख्य पार्षद/ मुख्य पार्षद* के शपथ ग्रहण हेतु बैठक दिनांक .................. को .......बजे पूर्वाह्न में .......................... .................................................. में की जाएगी। निर्धारित समय से एक घंटे की अवधि के भीतर नहीं आने पर आपको बैठक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जा सकेगी।

स्थान -.............

दिनांक - ..........

शपथ ग्रहण/ प्रतिज्ञान कराने वाले अधिकृत पदाधिकारी

नगरपालिका – ..........................................

---

* जो लागू न हो उसे काट दें।

# प्रपत्र–ख

**(वार्ड पार्षद के लिए)**

*(बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा-15*
*एवं बिहार नगरपालिका निर्वाचन नियमावली, 2007 का नियम-112)*

## शपथ/प्रतिज्ञान पत्र

मैं ......................... , जो ........................ नगरपालिका क्षेत्र का पार्षद निर्वाचित हुआ हूँ, ईश्वर की शपथ लेता/लेती हूँ और सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता/करती हूँ कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूँगा/रखूँगी तथा जिस पद को मैं ग्रहण करने वाला/वाली हूँ, उसके कर्त्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करूँगा/करूँगी।

शपथ ग्रहण करने वाले पार्षद
का हस्ताक्षर।

शपथ कराने वाले पदाधिकारी
का हस्ताक्षर एवं पदनाम
मुहर

# प्रपत्र–ग

## (उप मुख्य पार्षद/मुख्य पार्षद* के लिए)

(बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा-24
एवं बिहार नगरपालिका निर्वाचन नियमावली, 2007 का नियम-112)

## शपथ/प्रतिज्ञान पत्र

मैं ............................................. , जो ......................................... नगरपालिका क्षेत्र का उप मुख्य पार्षद/मुख्य पार्षद* निर्वाचित हुआ हूँ, ईश्वर की शपथ लेता/लेती हूँ और सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता/करती हूँ कि जो विषय पीठासीन पदाधिकारी या सशक्त स्थायी समिति के सदस्य के रूप में मेरे विचार के लिए लाया जाएगा अथवा मुझे ज्ञात होगा उसे किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को, तब के सिवाय जबकि अपने कर्तव्यों के सम्यक्, निर्वहन के लिए ऐसा करना अपेक्षित हो, मैं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संसूचित या प्रकट नहीं करूँगा।

शपथ ग्रहण करने वाले पार्षद
का हस्ताक्षर।

शपथ कराने वाले पदाधिकारी
का हस्ताक्षर एवं पदनाम
मुहर

(209

# बिहार सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग
### ।। अधिसूचना।।

संख्या–11/न0वि0/निर्वा0–03/2024– 212 /न0वि0एवंआ0वि0/पटना, दिनांक–05/02/24

बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा–35 तथा बिहार नगरपालिका निर्वाचन नियमावली, 2007 के नियम–87 के प्रावधानों के अंतर्गत नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 में पटना, कैमूर, नालन्दा, गया, सारण, वैशाली, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधेपुरा एवं अररिया जिला के नगरपालिकाओं (नगर निगम/नगर परिषद/नगर पंचायत) के निर्वाचित मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षदों के नाम यथा संलग्न जिलावार अनुसूची में एतद् द्वारा सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किये जाते हैं।

बिहार राज्यपाल के आदेश से
ह0/–

**(राजेश कुमार तिवारी)**
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–11/न0वि0/निर्वा0–03/2024– /न0वि0एवंआ0वि0/ पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, गजट शाखा, बिहार, पटना को सी0डी0 के साथ बिहार गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे इसका गजट प्रकाशन करने तथा इसकी 500 प्रतियाँ नगर विकास एवं आवास विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा करेगे।

ह0/–
**सरकार के उप सचिव।**

ज्ञापांक–11/न0वि0/निर्वा0–03/2024– 212 /न0वि0एवंआ0वि0/ पटना, दिनांकः–05/02/24

प्रतिलिपिः–सभी जिला पदाधिकारी–सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)/सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार/सभी नगर आयुक्त, नगर निगम/सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद एवं नगर पंचायत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/2/24
सरकार के उप सचिव।

२०४)

| क्रमांक | जिला का नाम | नगर निकाय का क्र0सं0 | नगरपालिकाओं का नाम | अनुसूची |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पटना | 1 | नगर पंचायत, पालीगंज | अनुसूची– I |
| | | 2 | नगर पंचायत, पालीगंज | |
| 2 | कैमूर | 3 | नगर पंचायत, हाटा | अनुसूची– II |
| 3 | नालन्दा | 4 | नगर पंचायत, अस्थावाँ | अनुसूची– III |
| | | 5 | नगर पंचायत, हरनौत | |
| 4 | गया | 6 | नगर पंचायत, खिजरसराय | अनुसूची– IV |
| 5 | सारण | 7 | नगर निगम, छपरा | अनुसूची– V |
| 6 | वैशाली | 8 | नगर परिषद, महनार | अनुसूची– VI |
| 7 | पूर्वी चम्पारण | 9 | नगर निगम, मोतिहारी | अनुसूची– VII |
| | | 10 | नगर पंचायत, मेहसी | |
| | | 11 | नगर पंचायत, पकड़ीदयाल | |
| 8 | पश्चिम चम्पारण | 12 | नगर परिषद, नरकटियागंज | अनुसूची– VIII |
| 9 | सीतामढ़ी | 13 | नगर निगम, सीतामढ़ी | अनुसूची–IX |
| 10 | दरभंगा | 14 | नगर पंचायत, घनश्यामपुर | अनुसूची–X |
| 11 | मधेपुरा | 15 | नगर पंचायत, आलमनगर | अनुसूची–XI |
| | | 16 | नगर परिषद, उदाकिशुनगंज | |
| 12 | अररिया | 17 | नगर परिषद, फारबिसगंज | अनुसूची–XII |

## अनुसूची–I

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर पंचायत, पालीगंज के वार्ड पार्षदों की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04 | पुटी कुमारी | अनारक्षित/महिला | वार्ड पार्षद | |
| 2 | 18 | बसंती देवी | अनारक्षित/अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–II

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर पंचायत, हाटा के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05 | गुड़िया देवी | अनारक्षित/महिला | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–III

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर पंचायत, अस्थावाँ के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | सुजन्ति कुमारी | अनुसूचित जाति/महिला | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–III

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर पंचायत, हरनौत के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | सुनील कुमार | अनुसूचित जाति/अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–IV

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर पंचायत, खिजरसराय के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | संगीता देवी | अनारक्षित/अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–V

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर निगम, छपरा के मुख्य पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्मरी नारायण गुप्ता | अनारक्षित/अन्य | मुख्य पार्षद | |

206

## अनुसूची–VI

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर परिषद, महनार के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19 | जूही कुमारी | अनारक्षित/महिला | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–VII

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर निगम, मोतिहारी के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 36 | पूनम सिंह | अनारक्षित/अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–VII

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर पंचायत, मेहसी के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15 | प्रीती कुमारी | अनारक्षित/महिला | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–VII

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर पंचायत, पकड़ीदयाल के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | रामएकबाल राम | अनुसूचित जाति/अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–VIII

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर परिषद, नरकटियागंज के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | सोनी देवी | पिछड़ा वर्ग/अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–IX

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर निगम, सीतामढ़ी के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 38 | मरियम खातून | अनारक्षित/महिला | वार्ड पार्षद | |

(205

## अनुसूची–X

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर पंचायत, घनश्यामपुर के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08 | इफ्तेखार | अनारक्षित/अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–XI

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर पंचायत, आलमनगर के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | पंकज कुमार शर्मा | अनारक्षित/अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–XI

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर परिषद, उदाकिशुनगंज के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 26 | विमला देवी | पिछड़ा वर्ग/अन्य | वार्ड पार्षद | |

## अनुसूची–XII

नगरपालिका उप निर्वाचन–2023, नगर परिषद, फारबिसगंज के वार्ड पार्षद की सूची :

| क्रमांक | वार्ड संख्या | मुख्य पार्षद/उपमुख्य पार्षद/वार्ड पार्षद का नाम | आरक्षण स्थिति | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08 | रॉकी कुमार | अनारक्षित/अन्य | वार्ड पार्षद | |

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(राजेश कुमार तिवारी)
सरकार के उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

